तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# शाला ध्वनि
## KVS News

अप्रैल-जून 2023



9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
9th International Yoga Day

# देश के समस्त केन्द्रीय विद्यालयों में मनाया गया 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2023

21 जून 2023 को 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (IDY) देश के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों और विशिष्ट गतिविधियों के साथ मनाया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम के लिये योग' थी जो भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालती है और वैश्विक एकता को प्रोत्साहित करती है।

9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में देशभर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों एवं विदेश स्थित तीन के.वि काठमांडू, मॉस्को व तेहरान में कुल 8,83,989 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने योग से संबंधित विभिन्न सामूहिक गतिविधियों में भाग लिया। देश के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में 15 से 21 जून, 2023 तक प्रतिदिन विभिन्न योग गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें योग के इतिहास, महत्व, मूल आसनों एवं योग से जुड़े फायदों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं एवं संगोष्ठियां आदि शामिल थीं।

आयोजन में अनेक प्रकार के योगाभ्यास के साथ-साथ मन को शांत करने के लिए प्राणायाम और मेडिटेशन के महत्व से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने अनुशासन और संयम के साथ शारीरिक शक्ति और एकाग्रता को बढ़ाने वाले विभिन्न योगासन किये। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी 'सामान्य योग प्रोटोकॉल' का पालन करते हुए विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल योग के महत्व को समझा, बल्कि उन्होंने अपने शरीर, मन, और आत्मा को संतुलित करने के लिए उपयोगी तकनीकों का भी अभ्यास किया।



# विद्यार्थियों के साथ के.वि.सं. आयुक्त ने किया योग

## केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 1 दिल्ली छावनी में हुआ आयोजन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त श्रीमती निधि पाण्डे एवं मुख्यालय के समस्त वरीय अधिकारियों ने केन्द्रीय विद्यालय क्रं.1 दिल्ली छावनी पहुंचकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। सभी वरीय अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। के. वि.सं. आयुक्त श्रीमती निधि पाण्डे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाने पर बल दिया। आयुक्त महोदया ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि सभी केन्द्रीय विद्यालयों में योग अब शिक्षा का नियमि हिस्सा बन गया है। समारोह के सफल आयोजन में के.वि.सं. दिल्ली संभाग के वरीय अधिकारियों एवं विद्यालय की प्राचार्या व समस्त स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।








# राष्ट्रीय योग ओलंपियाड-2023 में के.वि. विद्यार्थी चमके

**राष्ट्रीय योग ओलंपियाड-2023 का आयोजन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 18 से 20 जून 2023 के बीच राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल (मध्य प्रदेश) में किया गया। भारत सरकार के निर्देश पर इस वर्ष योग ओलंपियाड की थीम 'स्वास्थ्य, सद्भाव और शांति' थी। राष्ट्रीय योग ओलंपियाड के लिए कक्षा VI से VIII और IX से X के 16 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए एक कोचिंग कैंप भी आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के चुने हुए विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।**

**प्रतिभागियों और उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित है:**

| क्र.सं. | श्रेणी एवं समूह | भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या | उपलब्धियां/पदक | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मिडिल समूह (अंडर-14) लड़के | 04 | दूसरा स्थान (रजत पदक) | 51वें एनएसएम, 2022 परिणाम के आधार पर 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों ने के.वि.सं क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के अंतर्गत के.वि. 2, भोपाल में कोचिंग शिविर में भाग लिया है। |
| 2 | मिडिल समूह (अंडर-14) लड़कियां | 04 | दूसरा स्थान (रजत पदक) | |
| 3 | वरिष्ठ समूह (अंडर-17) लड़के | 04 | प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) | |
| 4 | वरिष्ठ समूह (अंडर-17) लड़कियां | 04 | दूसरा स्थान (रजत पदक) | |
| **Total** | | **16** | • 01 स्वर्ण पदक अंडर-17 लड़कों ने जीता।<br>• अंडर-14 लड़कों और लड़कियों द्वारा 02 रजत पदक जीते गए।<br>• 01 रजत पदक अंडर-17 लड़कियों ने जीता। | |



# Students and Teachers Nationwide Celebrate PM's 100th 'Mann Ki Baat' Episode with zeal

On a momentous occasion, students and teachers across the country came together to commemorate the 100th episode of the Hon'ble Prime Minister's radio program, "Mann Ki Baat." The Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) played a significant role by providing a stage for students and educators to share their thoughts and ideas.




To create awareness and excitement, KVS prominently displayed banners and physical standees in Kendriya Vidyalayas, ROs, and KVS headquarters. Additionally, we showcased the event on our websites and actively promoted it on our social media platforms.

On the morning of April 30, 2023, at 11:00 am, students, teachers, and employees eagerly tuned in to listen to the historic address by the Hon'ble Prime Minister. His words resonated with the nation, inspiring and motivating listeners from all walks of life.

Moreover, in alignment with the Ministry of Culture's directives, the students of KVs enthusiastically participated in a special program conducted on April 29, 2023. This event took place at 13 different sites of national historical importance, scattered across the country. The students' involvement in these programs not only celebrated the PM's milestone episode but also fostered a deeper appreciation for India's rich heritage.

The 100th episode of "Mann Ki Baat" served as a reminder of the power of unity and the importance of sharing ideas and perspectives. Through this historic program, the Hon'ble Prime Minister continues to connect with the citizens of India, fostering a sense of collective purpose and national pride.




## नशा मुक्ति अभियान के तहत जनजागरण

26 जून को प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। समाज में नशे के विरुद्ध नशा मुक्ति अभियान के तहत केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों एवं बचाव से अवगत कराने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं जन जागरुकता रैली में भाग लिया। रैली में नशा मुक्ति से संबंधित पोस्टर, बैनर प्रदर्शित किये गये और नशा मुक्ति से जुड़े नारे लगाए गए।

# KV Students' Vande Bharat Yatra: Memorable Train Journey

A wave of gratitude recoil among the students of Kendriya Vidyalaya (KV) as they embarked on a remarkable journey of Vande Bharat Express. Expressing their heartfelt appreciation to Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi and the Ministry of Railways, these young minds relished a world-class train travel experience that left an indelible mark on their hearts.

During their voyage on the 02439 Ranchi-Patna Vande Bharat Inaugural Special, the students enthusiastically shared their thoughts on the momentous Vande Bharat Yatra.

The creativity of KV students shone brightly as M. G. Gokul Krishna, a talented ninth-grader from KV Kadavantra, Ernakulam, expressed his imagination through a remarkable portrait of the Vande Bharat Express. His artwork captured the essence of inspiration, encouraging the younger generation to dream beyond boundaries and think big.

The journey was not merely limited to the train ride. Students from KV Pattom had the unique opportunity to interact with the Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi, during the grand inauguration ceremony of the Vande Bharat Express at Trivandrum Central Railway Station. The excitement was on point as these students engaged in a dialogue with the Prime Minister, discussing their aspirations and dreams.

As the Vande Bharat Express was inaugurated at Thiruvananthapuram Central Railway Station, Prime Minister Narendra Modi interacted with students onboard. Joined by Railways Minister Ashwini Vaishnaw, Kerala Chief Minister Pinarayi Vijayan, and Thiruvananthapuram MP Shashi Tharoor, the Prime Minister's presence added a touch of grandeur to the momentous occasion.

The Vande Bharat Yatra turned out to be an unforgettable experience for the Kendriya Vidyalaya students, who cherished the world-class train travel provided by the new Vande Bharat Express.



# पधारो म्हारे देस!

# Australian Education Minister Visits KV No.2 Delhi Cantt.




Australian Education Minister Mr. Jason Clare and former cricket captain Adam Gilchrist held a high level meeting with the Indian delegation led by Union Minister of Education, Skill Development and Entrepreneurship Shri Dharmendra Pradhan.

Education Minister Mr. Jason also embarked on a memorable visit to Kendriya Vidyalaya schools in Delhi. Witnessing the brilliance of Indian students, the delegation explored the Atal Tinkering Lab, where young innovators showcased their creative projects. Cultural performances by talented students left a lasting impression.

At Kendriya Vidyalaya No. 2, the Australian Minister engaged with enthusiastic and brilliant school students, exploring various facilities like science laboratories and computer labs. A captivating cultural program on "Ek Bharat Shrestha Bharat" and a mesmerizing yoga presentation highlighted the essence of joyful and activity-based learning, aligning with the NEP 2020 vision.

# KVS Launches E-Pension Portal for Timely Disbursement of Pensions

KVS has launched the e-pension Portal w.e.f. April 2023 for the online processing and disbursement of pensions. This new e-initiative has ensured that pensions are disbursed on time. The constraints of the old pension system, such as delay in disbursement of the first pension, delay due to physical transmission of the pension, and delay in the availability of the pension payment order to pensioners & other stakeholders, have been removed. The first batch of pensions from the portal was disbursed on 31st May, 2023. The Commissioner of KVS appreciated the new initiative and gave accolades for the efforts of the Finance Team of KVS.




## KVS Introduces Online Tally Accounting

In another move towards institutional digital empowerment, KVS has introduced an Online Tally Accounting package in respect of all Kendriya Vidyalayas, Regional Offices, ZIETs and KVS HQ with effect from 1 April 2023. All units of KVS are required to generate all vouchers through the Online mode of Tally before making payment. It will enable KVS to monitor the expenditure of all units on a real-time basis.

# विद्या प्रवेश- नन्हें-मुन्नों के लिए प्रवेशोत्सव



विद्या प्रवेश कक्षा 1 के बच्चों के लिए तीन महीने के खेल-आधारित, स्कूल की तैयारी का मॉड्यूल है। इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 की सिफ़ारिशों के अनसुार विकसित किया गया है। बच्चों के जीवन की बनिुयादी अवस्था में उनके समग्र विकास, सीखने की क्षमता, स्वास्थ्य, कल्याण, भाषा कौशल, संख्या ज्ञान और पर्यावरण जागरुकता से संबंधित मूलभत दक्षताओं के विकास के लिए केन्द्रीय विद्यालयों में पहली कक्षा में नामांकित बच्चों के लिए प्रवेश उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत गीत द्वारा नन्हें-मुन्ने बच्चों का स्वागत किया गया। बच्चों की कल्पना और रुचि से जुड़े गीत और नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को विद्यालय के नियमों, स्कूल का समय, लंच बॉक्स, वर्दी, पाठ्यपुस्तकों के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही शिक्षकों ने अभिभावकों को एनईपी, एफएलएन और उसके लक्ष्यों, सर्वोत्तम पालन-पोषण प्रथाओं और शिक्षण-अधिगम गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से समझाया।

# कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया 'तरुणोत्सव'




देश के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए तरुणोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2017-18 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए 'तरुणोत्सव' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ऐसा महसूस किया गया कि ये बच्चे कक्षा 11 में प्रवेश लेने से पहले तकरीबन दो महीने तक पढ़ाई एवं स्कूल से दूर हो जाते हैं। ऐसी कोई संस्थागत व्यवस्था नहीं थी, जो उन्हें स्कूल और पढ़ाई के साथ अर्थपूर्ण ढंग से जोड़े रखे। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी अपने अभिभावकों की सहमति से चार प्रमुख श्रेणियों के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हैं। ये चार प्रमुख श्रेणियां हैं:

- भाषा कौशल को बेहतर बनाना (हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों में)
- परामर्श एवं करियर मार्गदर्शन सेवाएं
- कौशल/अभिरुचि का विकास
- कक्षा 11 की बुनियादी शिक्षा

# दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए पैरा खेलों का महत्वपूर्ण मंच




आदित्य मेहता फाउंडेशन द्वारा केन्द्रीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांग (CWSN) विद्यार्थियों के लिए हैदराबाद में पैरा स्पोर्ट्स के प्रति जानकारी, चयन, प्रशिक्षण एवं प्रतिभागिता के अवसर प्रदान करने हेतु एक राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ है। यह शिविर KVS और NVS के आपसी सहयोग एवं तालमेल के आधार पर आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम दिनांक 18 अप्रैल 2023 से 25 अप्रैल 2023 तक चला। इस कार्यक्रम के दौरान हैदराबाद संभाग के लगभग 95 बच्चे (59 बालक और 36 बालिका) विभिन्न पैरा खेलों में चयनित हुए हैं।

यह प्रशिक्षण शिविर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए पैरा स्पोर्ट्स के प्रति जागरूकता और उनके लिए अवसरों को प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को विभिन्न पैरा खेलों में उनकी प्रतिभा का पता लगाना, उन्हें चयनित करना, उन्हें प्रशिक्षण देना और प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान करना है।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रशिक्षण शिविर की अनूठी पहल ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एक अवसर साधित किया है, जहां वे अपनी प्रतिभा को विकसित कर सकते हैं और पैरा खेलों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# KVs Unite to #BeatPlasticPollution on World Environment Day 2023

On 5th June 2023, World Environment Day was celebrated with great enthusiasm all over the country. The focus was on raising awareness about the urgent need to tackle plastic pollution. Like every year, this year also, Kendriya Vidyalayas celebrated World Environment Day with various activities to spread the message about the environment far and wide.




Students, teachers, and other people involved in education participated in events like painting competitions, slogan writing, quizzes, debates, and discussions. The theme for the day was #BeatPlasticPollution, emphasizing the importance of reducing plastic waste.

The events held in Kendriya Vidyalayas received significant attention through both local and social media platforms. This helped spread the message even further and involve more people in the cause.

On this day, people took a pledge to protect the environment. The pledge served as a reminder that each individual has a role to play in preserving our planet for future generations. Kendriya Vidyalaya's motto behind celebrating World Environment Day 2023 was to remind people of the pressing issue of plastic pollution.

# For a Greener & Healthier Planet

On the occasion of World Environment Day, KVS ZIETs came together to celebrate and contribute to a greener, cleaner planet. United under the banner of Mission LiFE (Living in a Greener Environment) they create awareness and participated in activities on environmental preservation.

In Bhubaneswar's Zonal Institute of Education & Training, the festivities spanned two days, commencing with a spirited garden cleanup. Faculty members and trainees enthusiastically participated, ensuring the institute's garden was restored to its natural beauty.

In Chandigarh and Gwalior's KVs, similar initiatives took center stage. From cleaning gardens and tanks to installing harvesting systems, their efforts resonated with the spirit of World Environment Day. Composting pits were created to manage wet and dry waste, ensuring organic manure for vegetation. Pledges were taken by staff members and trainees, symbolizing their commitment to protect the environment.

In Mysore's Zonal Institute of Education and Training, a poster-making competition inspired creativity and awareness among participants. The Director emphasized the crucial role of educators in safeguarding the environment and guided the staff in various eco-conscious activities.

Throughout the KVs, LiFE-related curriculums became a regular feature, focusing on videos, seminars, and guest lectures about environmental best practices. Green boxes provided a platform for innovative ideas, while leaflets shared valuable insights on conservation.



INSET HM & PRT Participants being Awarded With Meri LiFE Sticker For 'Having No Left Over Food' During Working Lunch



Plantation By Hon. Director & Participants of INSET HM & PRT



# 2023: The International Year of Millets




The United Nations General Assembly (UNGA) declared 2023 the International Year of Millets (IYM) on 5th March, 2021. Through this declaration, the UNGA aims to elevate awareness of nutri-cereals (millets) for food security and nutrition, enhance investment in R&D and extension, and inspire stakeholders towards improving production productivity and quality of millets.

The Government of India (GOI) aims to make IYM 2023 a people's movement for the overall benefit of the

Cultivator, consumer, and Climate. To play its unique role, Kendriya Vidyalaya Sangathan took a lot of initiatives to sensitize students, teachers, and other stakeholders about IYoM, including the following activities:

- Talk in the Morning Assembly on the importance of millets once a week or fortnight.
- Distribution of Pamphlets and Brochures on health benefits and general information on Millets.
- Display of banners and posters on Millets in the premises.
- Visit a nearby Agriculture field/Agriculture Office/Inviting Farmers to get firsthand information about Millets.
- Essay writing, Slogan Writing, and quiz competitions on the importance of the benefits of millets.
- Community Lunch with food items prepared out of millets.
- Food fests, food exhibitions, and food stalls with items prepared out of millets.

IYM2023 is an opportunity to raise awareness of, and direct policy attention to the nutritional and health benefits of millets and their suitability for cultivation under adverse and changing climatic conditions.

# संसदीय राजभाषा समिति द्वारा के.वि.सं. के कार्यालयों एवं विद्यालयों में हिंदी राजभाषा का निरीक्षण संपन्न



माननीय संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति द्वारा 01.04.2023 से लेकर 30.06.2023 तक (1) केंद्रीय विद्यालय, रंगापहाड़, दीमापुर (2)केंद्रीय विद्यालय, जखामा (3) केंद्रीय विद्यालय, कोहिमा(4) केविसं, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून (5) केंद्रीय विद्यालय, अपर कैंट, देहरादून (6) केंद्रीय विद्यालय, भेल, हरिद्वार एवं (7) केंद्रीय विद्यालय, ऋषिकेश का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया | यह सभी निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुए |

निरीक्षण के दौरान, समिति के सदस्यों ने इन कार्यालयों और विद्यालयों की राजभाषा प्रगति का मूल्यांकन किया। इसके अलावा, भाषा के प्रयोग में उत्कृष्टता और समर्पण का मूल्यांकन करने के लिए उपयुक्त मानकों का उपयोग किया।

निरीक्षण के परिणामस्वरूप, इन कार्यालयों और विद्यालयों ने राजभाषा के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में उच्च स्तर प्राप्त किया है। वे अच्छे रूप से राष्ट्रीय भाषा हिंदी का प्रयोग कर रहे हैं और नवीनतम संवैधानिक मानदंडों का पालन कर रहे हैं। वे अपनी वेबसाइटों को राजभाषा में उपलब्ध कराने, आदेशों, नोटिस, प्रस्तुतियों, और दस्तावेजों को हिंदी में प्रकाशित करने, और कर्मचारियों के लिए हिंदी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने के माध्यम से राजभाषा के प्रचार में पूरा योगदान दे रहे हैं।

# केन्द्रीय विद्यालयों में पुस्तकोपहार गतिविधि का आयोजन

पर्यावरण संरक्षण और वस्तुओं के सदुपयोग को प्रेरित करने वाली पहल का नाम है पुस्तकोपहार। देश के समस्त केंद्रीय विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र के प्रारंभ में पुस्तकोपहार कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। विद्यार्थियों को कागज के सदुपयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करने के लिए यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। हर वर्ष की तरह इस साल भी विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों में पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी उपयोग की गई पुस्तकों को उपहार स्वरूप जूनियर विद्यार्थियों को भेंट किया। इस गतिविधि के ज़रिए न केवल विद्यार्थियों में आपसी सहयोग और परोपकार की भावना जागृत होती है, बल्कि पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न होता है।








# Empowering Minds for a Global Future: G-20 Awareness Initiatives in KV




The G-20, as a premier forum for international economic cooperation, holds a significant role in shaping global economic governance. During India's Presidency of the G-20, the Ministry of Education, Government of India, partnered with Kendriya Vidyalaya Sangathan to conduct various activities and programs to raise awareness about this prestigious event among students.

In preparation for the Education Working Group meeting of the G20 Summit in Bhubaneswar, Kendriya Vidyalayas in the region organized diverse programs. Under the theme of "Jan Bhagidari," Kendriya Vidyalayas organized a series of engaging activities designed to sensitize students about the G-20 summit. These activities included quizzes, declamation contests, essay and slogan writing competitions, and lectures on the G-20. As part of the G-20 Jan Bhagidari and Convention at Pune, various events were conducted nationwide from 1st June to 15th June 2023. Kendriya Vidyalayas focused on Foundational Literacy and Numeracy, NEP-2020, and G-20 awareness. Summer camps, workshops, cultural events, and sports activities aimed at promoting digital education and G-20 awareness were organized. The activities also included storytelling, puppetry, rangoli, poster making, and slogan writing competitions to creatively engage students in the G-20 theme.

Highlighting the success of the awareness initiatives, a G-20 Convention was held at Kendriya Vidyalaya Ganeshkhind, Pune. Distinguished delegates, including Shri Sanjay Kumar, IAS, Secretary, Department of School Education and Literacy, and Ms. Nidhi Pandey, Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, were present. The event showcased innovative teaching practices and technologies aimed at improving day-to-day teaching and learning, with a focus on Foundational Literacy and Numeracy.

These initiatives by Kendriya Vidyalaya not only empowered young minds but also set the foundation for a brighter, more informed future on the international stage.

# Nurturing Educators for a Sustainable Tomorrow

In the session 2023–24, the KVS Training Section organized diverse offline and online courses from 01.04.2023 to 01.06.2023. In-service courses and NEP 2020 related workshops by Knowledge Partners improved educators' skills by focusing on Foundational Numeracy, Literacy, and student progress tracking, ensuring effective teaching methodologies implementation.

| Sr. No | Category | No. of Courses / Workshop | No. of Participants |
|---|---|---|---|
| **1** | In-service Courses I[st] spell for Teachers (PGT/TGT/PRT/HM) for the session 2023-24 | 28 | 619 |
| **2** | No. of short-term Courses and Workshop (ROs) | 10 | 397 |
| **3** | No. of short-term Courses (ZIETs) | 5 | 127 |
| 4 | No. of short-term Courses (Knowledge Partners ) like CBSE, NCERT, NIPPCD, ISTM, HBCSE, etc. | 10 | 321 |



# NEP-2020 Related Training Activities

NEP 2020-related workshops are conducted by Knowledge Partners/In-house training from 01.04.2023 to 01.06.2022. They are placed below:

1. Two batches of a 5-day Foundational Numeracy Workshop were conducted from April 17–21, 2023, and April 24-28, 2023, by HBCSE for the PRT & HM cadres:
   **Workshop: 02**
   **Participants: 100**

2. 05-day Workshop on Foundational Literacy conducted from April 17–21, 2023, by Azim Premji University for the Principal, PRT, & HM cadres:
   **Workshop: 01**
   **Participants: 41**

3. 01 day Sexual Harassment of women at workplace workshop conducted from 25 May, 2023 by NIPCCD for the Principal & Teachers cadres:
   **Workshop: 01**
   **Participants: 61**

4. A 3-day Workshop on FLN- tracking of student progress was conducted from April 26–28, 2023, by ZIET Mysore for the PRT & HM cadres:
   **Workshop: 01**
   **Participants: 50**









# Achievements and Accolades



### Reyan Basha Secured Bronze Medal in Asian Junior Athletics Championship

The unstoppable Md. Reyan Basha, a student of KV No. 2 CRPF Bhubaneswar, won the bronze medal in Asian Junior Athletics Championship 2023 at Yecheon, South Korea. Team India secured 3rd place in the 4x100 mtr relay.

### कु. तेजल अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

के.वि. एएफएस, वड़ोदरा में कक्षा 3 की छात्रा कु. तेजल सचिन जगताप ने अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ, पुणे द्वारा आयोजित राष्ट्रीय तबला वादन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। थाईलैंड में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित।






### रौनक खत्री की ग्लोबल प्रतियोगिता में भागीदारी

इंदौर के के.वि नंबर 2 बीएसएफ के छात्र रौनक खत्री ने 2023 के टीसीएस सीएसआर ग्लोबल गोआईटी इनोवेटर ऑफ द ईयर प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया। रौनक को उनके मोबाइल ऐप "गो ग्रीन" के लिए प्रशंसा मिली, जिसका उद्देश्य पर्यावरण के बारे में सभी को जागरुक करना है। यह अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम मार्च 2023 में ऑनलाइन आयोजित हुआ, जहां 22 देशों के प्रतिभागी शामिल थे।

### Four Gold & Silver to Mokshita

Miss A. Mokshita, a student of class IX at KV Tirumalagiri, has participated in the Telangana Senior Inter District Championship in Swimming, and with her outstanding performance, she secured four Gold Medals and one Silver medal.





### Selection for Cultural Talent Training Search Scholarship

A Young Tabla player Rishikesh Biswas, student of class 7 from KV IIIT Jhalwa, Prayagraj, has been selected for the Cultural Talent Training Search Scholarship by the Centre for Cultural Resources and Training of the Ministry of Culture.

### KV Alumnus Selected at National Academy of Defence Production

Master Shreyansh Mishra, 2018 XII passout (Kendriya Vidyalaya Old Cantt. Prayagraj) Selected at National Academy of Defence Production Nagpur (CAT 2023 - 93 percentile).





### रचित सिंह को प्रोत्साहन पुरस्कार

केन्द्रीय विद्यालय गोलमार्केट के छात्र रचित सिंह राणा ने राष्ट्रीय इतिहास संग्रहालय और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP India) के सहयोग से आयोजित इंटर-स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया है।

**कु. संचिता का राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप 2023 के लिए चयन**

कानपुर में आयोजित यूपी राज्य महिला शतरंज प्रतियोगिता में के.वि. एएफएस बमरौली, प्रयागराज की विद्यार्थी कु. संचिता यादव ने चौथा स्थान प्राप्त किया। गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप 2023 के लिए चयनित।


संचिता-प्रिया को मिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता का टिकट



**Gold Medal to Somesh Bharti**

11-year-old Somesh Bharti, a student of class VII at KV Vehicle Factory Jabalpur, has won the gold medal in the kumite event in 38 kg at the prestigious India Open International Karate Championship 2023.

**Silver Medal to Pranav Kori**

At just 14 years old, Pranav Kori showcased his incredible skills and secured a well-deserved silver medal in both the Kata and Kumite events in 40 kg at the Open International Karate Championship 2023!






**Kaustav Bauri Secures 3rd Rank in NEET**

Master Kaustav Bauri from Kendriya Vidyalaya IIT Chennai has achieved a remarkable feat by securing the third All India Rank (AIR) in the NEET examination. This achievement is a moment of great pride and honor for all the Kendriya Vidyalayas (KVs). We wholeheartedly congratulate Kaustav on his incredible success!

**कु. जिया यादव को रजत पदक**


केंद्रीय विद्यालय सेक्टर 8 आरके पुरम, कक्षा दसवीं की दिव्यांग छात्रा कुमारी जिया यादव ने 29 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक गुरुग्राम में विशेष ओलंपिक भारत, नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन फॉर पर्सनस विद इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी (National Sports Federation for persons with intellectual disability) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर अपने माता पिता के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया।





**Dhyaan Participates in Parliament Event**

Dhyaan M, a student from KV Malleswaram, Bengaluru, took part in a parliament event to honor National Leaders and launch a “Know Your Constitution” program on April 14th, 2023. His participation showcased his active engagement and interest in learning about the constitution and its significance.




**Students Selected for Parliament Event**

Many students from KV NO.1 Arakkonam have been chosen to participate in the Youth in the Parliament of India, which pays homage to National leaders. Their selection was based on their outstanding performance in activities such as Karate, Silambam, and more. The selected students are D. Kanmozhi (VIII A), V. Karthika (VIII A), V. Haasini (IX A), V. Srisanth (IX B), and Mathan Kumar (IX A).

**अवलीन कौर का संसद में भाषण**

केंद्रीय विद्यालय पटियाला के.वि नंबर 1 (चंडीगढ़ संभाग) की कक्षा 5वीं की छात्रा अवलीन कौर ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर संसद के केंद्रीय कक्ष में अपने विचार अभिव्यक्त किए और इस अवसर पर अवलीन कौर को संसद की ओर से प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।






**हर्षित का युविका के लिए चयन**

चंडीगढ़, केंद्रीय विद्यालय सेक्टर 31 के छात्र हर्षित पूरे भारत से युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम (युविका) 2023 के लिए 350 उत्कृष्ट छात्रों में से चुने गए हैं। वे बेंगलुरु में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) में दो सप्ताह के आवासीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**तन्मय गोयल का युविका के लिए चयन**

केन्द्रीय विद्यालय आईआईटी इंदौर के दसवीं कक्षा के छात्र तन्मय गोयल को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा आयोजित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम (युविका) 2023 के लिए चयनित किया गया है। उनका चयन उनकी 8वीं कक्षा में प्राप्त प्रतिशत और ISRO के क्विज़ प्रतियोगिता में किए गए प्रदर्शन पर आधारित था। वह श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में एक 10-दिवसीय कार्यशाला में भाग लेंगे, जहां उन्हें वैज्ञानिकों के साथ सीधा संवाद करने और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में खोज करने का मौका मिलेगा।






**KVs Shine in Nukkad Natak Competition**

In the regional-level Nukkad Natak competition organized by the Regional Museum of Natural History on the theme of 'Dharti Kare Pukar', KV OF Bhusawal got 2nd position, KV Girinagar & KV Balaghat got encouragement prizes.

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

# केन्द्रीय विद्यालयों से योगमय झलकियां





©Kendriya Vidyalaya Sangathan
Shaala Dhwani Newsletter
Issue: April-June 2023

-----------------------------------

Patron: Nidhi Pandey, Commissioner, KVS
Editor: Ajeeta Longjam, Joint Commissioner (Admin-1)
Editorial Incharge: Sachin Rathore, Assistant Editor

-----------------------------------

Published by NR Murali, Joint Comissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.

-----------------------------------

Readers can send their comments and suggestion through e-mail at: shaaaladhwani@gmail.com


https://kvsangathan.nic.in/ | @KVSHQ | @KVS_HQ | @kvshqr | KVS HQ

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर